हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

11 साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाएं...



12 बैंक कर्मचारियों को भी मिले सेवा सुरक्षा कानून का लाभ : नरेन्द्र



## खबर संक्षेप

### सैलजा आज आमजन से करेंगी मुलाकात

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत फतेहाबाद जिले में दो कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत सांसद कुमारी सैलजा 9 जनवरी को रतिया के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में आमजनों से मुलाकात करेंगी। इसके बाद दोपहर 2 से 4 बजे तक टोहाना के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में आमजनों से मुलाकात करेंगी।

### दो गाड़ियों में टक्कर चार को आई चोटें

**टोहाना।** गांव अमानी के पास फतेहाबाद की तरफ से आ रही गाड़ी ने टोहाना से जा रही दूसरी गाड़ी को टक्कर मार दी जिससे स्विफ्ट कार में सवार तीन दोस्तो व एक बच्चा सहित चार लोगों को हल्की चोट आई है। घटना की बाद सूचना पाकर पहुंची सदर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्विफ्ट कार चालक के अनुसार उनका आपस में समझौता हो गया है जिसके तहत फतेहाबाद की तरफ से आ रहे गाड़ी चालक ने उनके पूरे नुकसान की भरपाई करने की बात कही है।

### हेरोइन सहित दो महिलाएं गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए रतिया पुलिस ने हेरोइन सहित दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान बलविन्द्र कौर पत्नी चिमन सिंह निवासी भिरडाना, हाल निवासी गांव रत्ताखेड़ा तथा रानो बाई पत्नी भगवान सिंह निवासी रत्ताखेड़ा के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि एएसआई सिलोचना की अगुवाई में पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव रत्ताखेड़ा पहुंची। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### फतेहाबाद की महिलाओं की खेलकूद स्पर्धा 13 को

**फतेहाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ब्लॉक फतेहाबाद के समस्त गांवों व शहर फतेहाबाद की महिलाओं हेतु खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 13 जनवरी को सुबह 10 बजे स्थानीय मनोहर मेमोरियल कॉलेज में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं को खेल गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं के लिए दौड़ एवं खेल गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### चेक बाउंस मामले का वांछित दबोचा

**सिरसा।** पुलिस टीम ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े को गांव भीमा क्षेत्र से काबू किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी जनकराज ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर आरोपी सोम सिंह को बीती 23 जुलाई को पीओ घोषित किया गया।

### तीन हेरोइन तस्करों को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए अलग-अलग जगहों से तीन युवकों को काबू कर उनके कब्जे से हजारों रुपए की 16 ग्राम 119 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गांव फरवाईं कलां क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान सामने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक आते हुए दिखाई दिए। शक होने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों बलजीत सिंह व कुलदीप सिंह निवासी गांव खेराकलां जिला मानसा पंजाब को काबू कर उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 10.64 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## फतेहाबाद में कोल्ड डे जैसे हालात, हाड़ कंपा देने वाली ठंड में लोगों की बढ़ी परेशानी

# पहाड़ों की बर्फबारी का असर: जिले में शीतलहर का कहर, तापमान 5 डिग्री तक पहुंचा, बढ़ी मुश्किलें

**अभी राहत के आसार नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी से न्यूनतम तापमान गिरकर 5 डिग्री तक पहुंच गया है जबकि अधिकतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 5 डिग्री सेल्सियस कम है। जिला में पिछले एक पखवाड़े से पड़ रही हाड़ कंपा देने वाली ठंडक ने लोगों को घुटने तक ला दिया है। मौसम में यह बदलाव पश्चिमी मौसम प्रणाली के बाद वातावरण में बनी नमी और अब सक्रिय हुई उत्तर पश्चिमी बर्फीली हवाओं के कारण देखने को मिला है। ऐसे में बुजुर्गों, बच्चों और किसानों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। हालांकि वीरवार को दोपहर बाद कुछ देर के लिए धूप निकली लेकिन शीत लहर के आगे यह बेमानी साबित हुई। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से तापमान में ओर गिरावट की संभावना जताई है। ऐसे में यह स्वभाविक है कि ठंड अभी ओर बढ़ेगी। फतेहाबाद में पिछले 15 दिनों से ठंड का सिलसिला जारी है। आने वाले दिनों में भी हाड़ कंपा देने वाली जबरदस्त ठंड से आमजन को राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। अलसुबह कोहरा और दिनभर शीतलहर चलने से फतेहाबाद का अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। यह सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस कम चल रहा है। न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन और रात के तापमान में ज्यादा अंतर न रहने से कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी हुई है। पश्चिमी मौसम प्रणाली से वातावरण में मौजूद नमी और आद्रता से प्रदेश खासकर हिसार, सिरसा व फतेहाबाद में ऊपरी सतह और निचली सतह के कोहरे ने सम्पूर्ण इलाके को अपने आगोश में समा लिया था। इसकी वजह से इन जिलों में दिन के तापमान में गिरावट से कोल्ड डे की स्थिति देखने को मिल रही है। रात के तापमान में भी गिरावट आने से ठिठुरन ओर बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हवाओं की दिशा उत्तरी पश्चिमी बर्फीली हो गई है, जिसकी वजह से आने वाले दिनों में इन जिलों में ठंड और बढ़ेगी।





फतेहाबाद। घने कोहरे की चपेट में शहर व ठंड से बचने के लिए अलाव सेंकते लोग। फोटो: हरिभूमि

### बच्चों व बुजुर्गों को संभाल की जरूरत : डॉ. सहगल

सद्भावना अस्पताल, फतेहाबाद के संचालक डॉ अंशुल सहगल ने कहा कि सर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। ठंड के मौसम में बच्चों सहित खासकर बुजुर्गों को काफी संभल कर रहने की जरूरत है। बुजुर्गों को इमरजेंसी होने पर ही यात्रा करनी चाहिए, अन्यथा अपने घर पर ही रहें। पूरे शरीर को गर्म कपड़ों से ढक कर रखना चाहिए। छाती में दर्द या कंधों में हलक दर्द होने पर तुरंत चिकित्सक के पास जाएं। गर्म व गुनगुने पानी का सेवन करें।

### कोल्ड ब्लास्ट के प्रभाव से आती है कड़ाके की ठंड

प्रदेश में कोल्ड ब्लास्ट यानि ठंड का धमाका की स्थिति की सम्भावना बन रही है। यह वह स्थिति है जब ठंड बहुत ज्यादा होती है, तो इसे 'कड़ाके की ठंड' कहते हैं, जो कोल्ड ब्लास्ट के प्रभाव से आती है। एचएयू हिसार मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार प्रदेश में मौसम आमतौर पर 13 जनवरी तक खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान उत्तर पश्चिम शीत हवाएं चलने से रात्रि तापमान में हल्की गिरावट आएगी वहीं दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान राज्य में अलसुबह व देर रात्रि को हल्की से मध्यम धुंध रहने की संभावना है। इस दौरान बीच बीच में हल्की से मध्यम गति से शीत हवाएं चलने से ठंडक बढ़ेगी।

### अस्पताल में निमोनिया व सर्दी के मरीज बढ़े

ठंड बढने के साथ ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। सिविल अस्पताल में सामान्य तौर पर 500 तक ओपीडी होती हैं, मगर पिछले एक सप्ताह से ओपीडी 800 के पार पहुंच गई हैं। सबसे ज्यादा निमोनिया के केस बढ़े हैं। जो पहले 30 से 40 होते थे, मगर अब 60 से ऊपर हो रही हैं। सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीजों की ओपीडी भी 250 से बढ़कर 350 पहुंच चुकी हैं। दिसंबर व जनवरी में बारिश न होने से सूखी ठंड पड़ रही है। अलसुबह व देर रात को धुंध व कोहरे के चलते एक्यूआई भी खतरनाक स्तर पर आ गया है।

### शीतलहर से बचने के लिए एहतियात बरतें जिलावासी: ढालिया

फतेहाबाद के कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने जिला के लोगों से सचेत होकर शीतलहर से बचाव का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि शीत लहर के समय यथासंभव घर के अंदर ही रहे, ठंडी हवा से बचने के लिये कम से कम यात्रा करें। रेडियो व अन्य मीडिया से मौसम की जानकारी लेते रहें। बुजुर्ग और बच्चों का ठीक से देखभाल करें एवं ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं विशेषकर बुजुर्ग लोगों का हाल चाल पूछते रहें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आपातकालिन आपूर्ति आसानी से उपलब्ध हो। एक परत वाले कपड़े की जगह ढीली फिटिंग वाले परतदार हल्के कपड़े, हवा रोधित सूती का बाहरी आवरण तथा गर्म उनी भीतरी कपड़े पहने। शरीर की गर्मी बचाए रखने के लिये टोपी एवं जलरोधी जूतो का प्रयोग करें। शरीर में उष्मा के प्रवाह को बनाये रखने के लिये पोष्टिक आहार एवं निर्जलीकरण से बचने के लिए शराब आदि का सेवन ना करें। शीतंदश होने पर चिकित्सक की सलाह ले जैसे संवेदनशून्यक सफेद अथवा पीले पड़े हाथ और पैरो की उंगलिया, कान की लौ तथा नाक की उपरी सतह इत्यादि।

## टोहाना को जिला बनाने की मांग

- दैनिक रेल यात्री वेलफेयर एसो. ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

दैनिक रेल यात्री वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने प्रधान राजेश नागपाल के नेतृत्व में टोहाना को जिला बनाने की मांग को लेकर एसडीएम आकाश शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान टीम ने सीएम के नाम एसडीएम आकाश शर्मा को लिखित ज्ञापन देकर मजबूती से टोहाना को जिला बनाने की मांग उठाई। नागपाल ने कहा कि टोहाना जिला बनने की हर शर्त को पूरा करता है क्योंकि टोहाना लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। वहीं जिले का मेडिकल कॉलेज भी टोहाना में बनाने की घोषणा हुई है जिसके चलते टोहाना को प्रदेश सरकार को जल्द जिला बनाने की घोषणा करनी चाहिए।



टोहाना। एसडीएम आकाश शर्मा को ज्ञापन देते हुए दैनिक रेल यात्री एसोसिएशन।

### इस दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राजेश नागपाल, कश्मीरी लाल यादव, विष्णु गोयल, अजय शर्मा, सचिन उतरेजा, राजा कामरा, गौतम भाटिया, गिरीश भाटिया, विकास तथा पंकज उपस्थित रहे।

## गोल्ड लोन के नाम पर धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

- महिला के 230 ग्राम सोने में हेराफेरी, गोल्ड लोन घोटाले का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

पुलिस ने गोल्ड लोन के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए फाइनेंस कंपनी के मैनेजर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आकाशदीप निवासी निवासी फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश व करण सचदेवा निवासी डबवाली के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने गुरुवार को बताया कि पंजाब निवासी एक महिला ने डबवाली स्थित मन्नापुरम फाइनेंस के लॉकर में अपना 230 ग्राम सोना सेफ्टी के लिए जमा करवाया था। बाद में उसने गोल्ड लोन लेने के लिए अपना सोना वापस मांगा तो आरोपी आकाशदीप जो कंपनी का मैनेजर है, ने कंपनी से ही फाइनेंस करने की बात कही और 95.900 ग्राम सोने पर लोन दे दिया और बाकी 122.186 ग्राम सोने पर कोई लोन नहीं दिया गया और लॉकर में ही रख लिया गया। लोन की किश्त महिला द्वारा भरी जा रही थी। पीड़ित महिला द्वारा बाकी का सोना वापस लेने की बात कही तो आरोपियों द्वारा सोना वापस देने से मना कर दिया और आपसी मिलीभगत कर बाकी बचे सोने पर आरोपी करण सचदेवा का लोन कर दिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



### प्रारंभिक जांच में की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फाइनेंस कंपनी के मैनेजर की अहम भूमिका रही, जिसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर गोल्ड लोन की प्रक्रिया में अनियमितताएं कीं और आरोपी करण सचदेवा के नाम पर फर्जी तरीके से गोल्ड लोन कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य जुटाते हुए मुख्य आरोपी कंपनी मैनेजर आकाशदीप को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई जिस पर पुलिस ने दूसरे आरोपी करण सचदेवा को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनो आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर मामले से जुड़ी अन्य जानकारी जुटाई जा रही है।

## एएनसी स्टाफ ने नशीली गोलियों सहित युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

एंटी नारकोटिक सेल फतेहाबाद पुलिस की टीम ने एक युवक को नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एएनसी स्टाफ फतेहाबाद के इन्चार्ज निरीक्षक यादवेन्द्र ने बताया कि एएनसी स्टाफ की टीम एएसआई भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की रोकथाम को लेकर देवी लाल पार्क, भट्टू कलां के मुख्य गेट के सामने मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबराकर पार्क की ओर जाने लगा। शक के आधार पर उसे काबू किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 80 गोलियां बरामद की गई। काबू किए गए आरोपी की पहचान विकास कुमार उर्फ विक्की पुत्र निहाल सिंह निवासी पीलीमंदौरी, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है।

## युवक ने रेलगाड़ी के आगे कूदकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

कालांवाली कस्बे में एक युवक ने रेलगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली है। ट्रेन से कटकर युवक की गर्दन धड़ से अलग हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिरसा के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां गुरुवार को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। रेलवे पुलिस के अनुसार मृतक युवक की पहचान गांव कालांवाली के वीरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बीरेंद्र अवविवाहित था और उसके पिता बख्शीश की भी काफी समय पहले मौत हो गई थी। अब परिवार में उसकी बुजुर्ग मां अकेली बची है, जिसका इकलौता बेटा ही सहारा था। बताया जा रहा है कि बीरेंद्र कुछ समय से मानसिक परेशान चल रहा था।

## नशीली गोलियों के मामले में टोहाना पुलिस ने पांचवें आरोपी को पकड़ा

- गांव दमकौरा के पास 1800 नशीली गोलियां हुई थी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नशीली गोलियों की तस्करी के एक मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि 15 मई 2025 को अपराध अनुसंधान शाखा टोहाना की टीम द्वारा भाखड़ा नहर पुल, गांव दमकौरा के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी राकेश कुमार उर्फ कालू पुत्र ज्ञान चन्द निवासी मुनक, जिला संगरूर को काबू कर उसके कब्जे से 1800 गोलियां बरामद की गई थी। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस द्वारा पहले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब आगे की जांच में पुलिस ने पांचवें आरोपी राकेश पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी अम्बरा खीरी, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है तथा मामले में नशीली गोलियों की आपूर्ति श्रृंखला, स्त्रोत एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के बारे में भी जांच जारी है।

### विकसित भारत -रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन योजना के अंतर्गत रोजगार को बढ़ावा

## जी राम जी योजना : श्रमिकों को मिलेगी गारंटीशुदा मजदूरी, पारदर्शिता को मिलेगा बढ़ावा: मंत्री गंगवा

नए प्रावधानों के तहत, रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने वीरवार को डबवाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विकसित भारत -रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) योजना के अंतर्गत इस बार पहले की तुलना में कई गुना अधिक बजट निर्धारित किया गया है। नए प्रावधानों के तहत, रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करने से श्रमिकों की गारंटीशुदा मजदूरी को काफी बढ़ावा मिलेगा। योजना में अब केवल श्रम आधारित कार्य ही नहीं, बल्कि जल प्रबंधन सहित अन्य विकास कार्यों को भी जोड़ा गया है, जिससे योजना का दायरा और प्रभाव दोनों बढ़े हैं। हरियाणा में इस योजना के माध्यम से 52 प्रतिशत अनुसूचित जाति श्रमिकों और 65 प्रतिशत से अधिक महिला श्रमिकों को रोजगार देने का काम किया है।




सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते ममंत्री रणबीर सिंह गंगवा। फोटो: हरिभूमि

### जियो-टैगिंग व्यवस्था की लागू

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि श्रमिकों के कल्याण और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जियो-टैगिंग व्यवस्था लागू की गई है। कार्य स्थलों की जानकारी सेटेलाइट के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, जिससे गलत पंजीकरण की संभावना समाप्त हो जाएगी और वास्तविक जरूरतमंदों तक योजना का लाभ पहुंचेगा। पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा डबवाली रेणू शर्मा, मार्केट कमेटी डबवाली के चेयरमैन सतीश जग्गा, पूर्व सांसद चरणजीत रोड़ी, अमीलाल परीक, पार्षद विकास शर्मा, हरविंद्र रोड़ी, प्रिंस बिश्नोई, कृष्ण चौहान, महेंद्र बंसल, नवदीप आदि मौजूद रहे।

### जहर खाकर प्रेमी जोड़े ने की आत्महत्या

## मृतक का शव लेने से परिजनों ने किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिले के ऐलनाबाद में जहर खाकर आत्महत्या करने वाले प्रेमी जोड़े के मामले में परिजनों ने महिला का शव लेने से मना कर दिया है, जबकि मृतक युवक का शव परिजन ले गए हैं। पुलिस की ओर से मृतक महिला के परिजनों को समझाने की कोशिश की जा रही है ताकि वे शव लेने के लिए राजी हो जाए। परिजनों का कहना है कि सरोज ने समाज में नाक कटवा दी जिस कारण उन्होंने सरोज से पहले ही किनारा कर लिया था। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ गांव के सोमनाथ और सरोज पिछले तीन साल से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे, सरोज का मायका ओटू में हैं। सरोज की शादी 2013 में रामगढ़ गांव के मंगल सिंह के साथ हुई थी। सोमनाथ का मंगल के घर आना-जाना था और गांव की बहू सरोज से प्रेम हो गया। कुछ दिन तक लुक-छिपकर मिलते रहे। बाद में ये बात परिजनों को पता चली, तो दोनों घर से फरार हो गए। परिवारों की पंचायत हुई, पर दोनों नहीं माने। ससुराल वालों ने उनसे किनारा कर लिया। सरोज के तीन बच्चे हैं, जो दादा-दादी के पास रामगढ़ में रहते हैं।

# गुड़-तिल-मूंगफली टेस्टी भी-हेल्दी भी



बच्चो, जाड़े के मौसम में बहुत सी हेल्दी चीजें खाने को मिल जाती हैं। जनवरी माह में मकर संक्रांति पर्व भी आता है, इस अवसर पर तिल-मूंगफली से बने व्यंजनों के खाने का एक अलग ही मजा है, जो हमारी हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। सर्दियों में और कौन-कौन सी हेल्दी-टेस्टी चीजें खाई जा सकती हैं, जो हमें फिजिकली-मेंटली फिट रखती हैं, जानो।

**सीजनल डाइट**
**डॉ. मोनिका शर्मा**

बच्चो, हेल्दी डाइट से ही हमारा शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहता है। स्वस्थ आहार में बहुत-सी चीजें शामिल होती हैं, जैसे- सब्जियां, अनाज, फल, ड्राई फ्रूट्स और दूध-दही। बहुत से फूड आइटम्स भी हमारी हेल्दी डाइट का हिस्सा होते हैं। हमारे देश में तो मौसम के हिसाब से भी खान-पान तय किया गया है। तुमने देखा होगा कि घर में मौसम के बदलते ही खाने-पीने की चीजें भी बदल जाती हैं। इन दिनों जाड़े में मूंगफली, तिल और गुड़ की बनी चीजें खूब दिख रही हैं। ये ट्रेडिशनल फूड आइटम्स सर्दियों के लिए एनर्जी बूस्टर हैं। इनसे मिलने वाले पोषक तत्व, साल भर हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं।



### स्वास्थ्य के रक्षक

सर्दी के मौसम में खाए जाने वाले तिल-मूंगफली के पकवान बहुत न्यूट्रीशस होते हैं। ये हर एज ग्रुप के लोगों को पसंद आते हैं। इनकी तासीर यानी हमारे शरीर पर पड़ने वाला असर, गर्म होती है। जिसके चलते इनसे बनी सभी चीजें शरीर को ठंड से बचाती हैं। तिल की बने लड्डू हों या मूंगफली की चिक्की, सर्दियों में सबके साथ धूप में बैठकर या अलाव तापते हुए इन्हें खाने का मजा ही कुछ और है! ठंड से बचाव करने और सेहत बनाने वाले ये क्रंची स्नैक्स, अपनों के साथ समय बिताने का भी अवसर देते हैं। तिल और मूंगफली में न केवल प्रोटीन बल्कि कई विटामिन और ओमेगा 6 जैसे न्यूट्रिएंट्स भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इन दोनों में ही कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं। इसीलिए तिल के लड्डू खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं। ये हमारी डाइजेस्टिव हेल्थ को बेहतर रखते हैं। वहीं पीनट्स यानी मूंगफली भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। पीनट्स खाने से ब्रेन फंक्शनिंग भी सुधरती है। बच्चो, नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी में सामने आया है कि तिल और मूंगफली में हेल्दी फैट होता है। इसीलिए ठंड के मौसम में इन चीजों को जरूर खाना चाहिए। ये ठिठुराती सर्दी में खेलने-कूदने और एक्टिव रहने का एनर्जी बूस्टर डोज हैं।



### मिठास का सेहतमंद साथ

बच्चो, तिल, मूंगफली को जब गुड़ का साथ मिलता है, तो ये स्वादिष्ट ही नहीं और अधिक गुणकारी भी बन जाते हैं। तिल, गुड़ और मूंगफली, ये तीनों चीजें ठंड के मौसम के लिए सुपरफूड हैं। इनसे बनी चीजें खाने में बहुत टेस्टी लगती हैं। इन्हें स्कूल के टिफिन में ले जाना भी बहुत आसान है। तिल और मूंगफली तो पौष्टिक हैं ही, गुड़ में भी आयरन, मैग्नीशियम और कैल्शियम जैसे कई मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को एनर्जी और गर्माहट देने का काम करते हैं। गुड़ में विटामिन ए, सी और ई भी होते हैं। असल में गुड़ में मौजूद शुगर, सुक्रोज और फ्रक्टोज के रूप में होती है, इसलिए इसका स्वाद मीठा और तुरंत एनर्जी देने वाला होता है। यही कारण है कि गुड़ खाने से मानसिक और शारीरिक स्ट्रेस भी कम होता है। गुड़ में मिठास ही नहीं जिंक, सेलेनियम और एंटीऑक्सिडेंट्स भी होते हैं। ये ना सिर्फ हमारे शरीर को इंफेक्शन से बचाते हैं बल्कि इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं। तिल और मूंगफली के लड्डू, गजक, बर्फी, तिलपट्टी, तिलकूट या चिक्की बनाने के लिए गुड़ का ही इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में इन चीजों को खाना इम्यूनिटी, मूड और अपनेपन का मिठास भरा बूस्टर डोज बन जाता है।

### ट्रेडिशनल टेस्ट का कमाल

बच्चो, तिल, मूंगफली और गुड़ जैसी चीजों की न्यूट्रिशनल वैल्यू को हमारे बड़े-बुजुर्ग हमेशा से समझते आए हैं। सर्दियों में आने वाले त्योहार, जैसे मकर संक्रांति और लोहड़ी पर तो खासतौर पर इन चीजों को खाया जाता है। सर्दियों में हमारे घरों में इन चीजों से पारंपरिक और पौष्टिक मिठाई बनाने का ट्रेंड रहा है। आज भी विंटर सीजन में दादी-नानी तिल के लड्डू बनाकर अपना प्यार जताती हैं। बच्चो, समझना जरूरी है कि तिल, मूंगफली से बनी मिठाई, स्नैक्स का बहुत हेल्दी ऑप्शन हैं। अगर सही पोर्शन में खाया जाए तो शरीर को इनसे कोई नुकसान नहीं होता। हमारा ट्रेडिशनल खान-पान शरीर, मन और मौसम के मुताबिक बना हुए हैं। बीमारियों से बचाने और इम्यूनिटी मजबूत करने वाले देसी नुस्खों में दादी, नानी और मम्मी का स्नेह भी भरा होता है। इसीलिए सर्दियों में इन सुपर फूड्स को खूब मन से खाओ। अच्छी सेहत बनाओ। इस कमाल के ट्रेडिशनल टेस्ट के लिए दादी-नानी का मन से आभार भी जताओ। *

# कैसे हुई पतंग की शुरुआत

हमारे देश में कुछ खास पर्व और अवसरों पर पतंग उड़ाने की परंपरा है। बच्चे तो पतंगबाजी को खूब एंज्वॉय करते हैं। पतंग के आविष्कार और देश-विदेश में इसके प्रचलन का किस्सा बड़ा रोचक है। जानो, पतंग और पतंगबाजी से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**जानकारी**
**शिवानी छाया**



बच्चो, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की परंपरा है। इस पर्व के अलावा हमारे देश में वसंत पंचमी, स्वतंत्रता दिवस पर भी पतंगें उड़ाई जाती हैं। गुजरात, राजस्थान, पंजाब और तेलंगाना जैसे कई राज्यों में तो पतंगोत्सव यानी काइट फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से आए लोग भाग लेते हैं। पतंगबाजी में बच्चे-बड़े सभी भाग लेते हैं, खूब एंज्वॉय करते हैं। बच्चो, तुम यह जानना चाहोगे कि पतंग उड़ाने की शुरुआत कब और कैसे हुई, जानो-

**चीन में हुई थी शुरुआत:** माना जाता है कि पतंग बनाने और उड़ाने की शुरुआत लगभग 2800 वर्ष पहले चीन के शानदोंग शहर में हुई थी। इस शुरुआत के पीछे एक रोचक किस्सा है- खेत में काम करने के दौरान एक चीनी किसान की टोपी बार-बार हवा में उड़कर इधर-उधर चली जाती थी। इससे परेशान होकर वह अपनी टोपी एक डोरी से बांधकर रखने लगा। इससे उसकी टोपी हवा में उड़ती तो थी लेकिन इधर-उधर नहीं जाती थी। बस यहीं से पतंग बनाने के आइडिया ने जन्म लिया। विभिन्न स्रोतों के अनुसार दुनिया की शुरुआती पतंगें चीन के हुआंग थेग, मोजी और लुबान ने बनाई थीं। ये पतंगें कागज की नहीं, लकड़ी और रेशम से बनी होती थीं, जिसे 'वुडन बर्ड' यानी 'लकड़ी की चिड़िया' कहा जाता था। बाद में रेशम के कपड़े, बांस आदि की सहायता से पतंगें बनाई जाने लगीं। चीन में पतंग के आविष्कार की एक वजह यह भी थी कि उस दौर में पतंग बनाने का उपयुक्त सामान, जैसे- रेशम का कपड़ा, पतंग उड़ाने के लिए मजबूत रेशम का धागा और पतंग के शेप को सहारा देने के लिए हल्का और मजबूत बांस चीन में आसानी से उपलब्ध था।


चीन में बनी शुरुआती दौर की पतंग

**मनोरंजन नहीं था उद्देश्य:** आज हम पतंगबाजी को एक खेल के रूप में देखते हैं, इसे मनोरंजन के लिए उड़ाते हैं। लेकिन शुरुआत में पतंग उड़ाना मनोरंजन नहीं था। पतंग का प्रयोग संदेश भेजने, हवा की गति और दिशा का पता लगाने, जासूसी जैसे उद्देश्यों के लिए किया जाता था। धीरे-धीरे उच्च और सामान्य वर्ग के लोगों की रुचि इसमे बढ़ती गई और पतंगबाजी शौक और मनोरंजन का साधन बन गई।

**भारत में पतंग का प्रसार:** पतंग बनाने की कला और इसे उड़ाने का शौक चीन, जापान, कोरिया, थाइलैंड जैसे देशों से होकर भारत पहुंचा। इसमें विदेशी यात्री, व्यापारी और बौद्ध भिक्षुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। देखते ही देखते पतंगबाजी भारत में काफी लोकप्रिय हो गई, यहां के पर्व-उत्सवों एवं संस्कृति का हिस्सा बन गई। आज बच्चे-बड़े सभी खुले आसमान में पतंग उड़ाते हैं, पतंग से जुड़े फेस्टिवल्स एंज्वॉय करते हैं। *

### पौराणिक ग्रंथों और इतिहास में पतंग

**बच्चो, मकर** संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने को लेकर एक पौराणिक मान्यता भी है। तमिल ग्रंथ 'तंदनान रामायण' के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पहली बार भगवान श्रीराम ने पतंग उड़ाई थी, जो इंद्रलोक तक चली गई थी। तभी से मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा चली आ रही है। आधुनिक भारत के इतिहास की बात करें तो 1928 में साइमन कमीशन के विरोध में 'साइमन गो बैक' लिखे काली पतंगें उड़ाकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। देश की आजादी के बाद उसी घटना की याद में स्वतंत्रता दिवस पर पतंग उड़ाने की परंपरा शुरू हुई।

**तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण**

# गोलू-दादू की दोस्ती

बच्चो, तुमको अपने दादाजी-नानाजी से बात करने, उनके संग खेलने में भी फ्रेंड वाली फीलिंग आती होगी। हाल में छपकर आई किताब 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम एक प्यारे बच्चे गोलू और उसके दादू की दोस्ती से जुड़ी मजेदार कहानियां पढ़ सकते हो। इन नौ कहानियों में तुमको गोलू का नटखट स्वभाव, भोलापन और समझदारी देखने को मिलेगी। किसी कहानी में तुम पढ़ोगे कि गोलू के दादू, उसे बड़े प्यार से जीवन से जुड़ी उपयोगी सीख भी दे देते हैं। संग्रह की पहली कहानी 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे दादू को गांव से अपने पास बुलाकर प्यारा सा सरप्राइज देता है! 'गोलू मेरा नाम' कहानी में जब तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे अपना नाम अभिनव के बजाय गोलू पुकारे जाने पर मुंह फुला लेता है और फिर दादू उसे उसकी गलती कुछ ऐसे समझाते हैं कि तुम हंसे बिना नहीं रहोगे। कामचोर का मतलब क्या होता है, इसका अर्थ समझने के लिए तुमको 'गोलू मस्त मोलू' कहानी पढ़नी होगी। किताब की अन्य कहानियां भी तुमको जरूर पसंद आएंगी। *



**किताब:** गोलू मेरा दोस्त (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** गोविंद शर्मा
**मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** पंचशील प्रकाशन, जयपुर

### हंसगुल्ले

**चिक्की :** मिक्की, कल रात को सपने में मेरे पैर में कांटा चुभ गया था।
**मिक्की :** तुम चप्पल पहन कर सोया करो तब कांटा नहीं चुभेगा।
-खुशी, रायपुर

**मिंकी (अपनी मम्मी से) :** मम्मी, क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**मम्मी :** नहीं तो! क्यों?
**मिंकी :** तो फिर रिंकी मुझसे क्यों कहती रहती है कि तेरी जुबान बहुत चलती है?
-काम्या, भोपाल

**चिंटू :** बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मिंटू :** क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
-सुरेंद्र, रोहतक

### जीके क्विज-187

1. वूमेंस टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी कौन बनी हैं?
2. भारत किस देश को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है?
3. हाल में दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला का क्या नाम है?
4. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
5. भारत के अंतिम गवर्नर जनरल कौन थे?
6. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
8. भारत में पहली रेल किन दो स्थानों के बीच चली थी?
9. इलेक्ट्रिक आयरन को गर्म करने के लिए किस धातु का प्रयोग किया जाता है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य की नृत्य शैली है?



बच्चों, जीके क्विज-187 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-186 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2. 366 दिन, 3. 10 जनवरी, 4.मिजोरम, 5.मंगोलिया, 6.हाइड्रोजन, 7.माइटोकॉण्ड्रिया, 8.न्यूमिस्मेटिक्स, 9.गंगा डॉल्फिन, 10.विनय कुमार सक्सेना

**जीके क्विज-186 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आपु-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-रायगढ़, गुंजा-रायपुर, रक्षित-बिलासपुर, अनन्या-दुर्ग, केशव-बिलासपुर, नमन-रोहतक, हर्ष-भोपाल, शिवांश-महासमुंद

**कहानी**
**सरस्वती रमेश**

# मकर संक्रांति का दान

राजू को तो यही पता था, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाकर त्योहार की खुशियां मनाई जाती हैं, लेकिन दादी ने बताया इस दिन दान दिया जाता है, जिसका एक अलग महत्व होता है। राजू को यह बात वास्तव में कितनी समझ में आई, क्या उसने मकर संक्रांति के दिन कोई दान किया?



राजू के घर आज सुबह-सुबह पूरे परिवार ने स्नान किया। फिर सबने मकर संक्रांति की पूजा की। तिल के लड्डू खाए। खाने में राजू की मम्मी ने आज स्वादिष्ट खिचड़ी बनाई थी। दोपहर में सभी लोगों ने छत पर गुनगुनी धूप में बैठकर खिचड़ी खाई। मम्मी-पापा, दादा-दादी राजू और छोटी बहन पीहू ने खिचड़ी खाई। दादी ने राजू और पीहू से पूछा, 'जानते हो बच्चो, मकर संक्रांति के दिन क्या करते हैं?'

'हां.. हां.. जानता हूं। आज के दिन मजे से पतंग उड़ाते हैं।' राजू तपाक से बोला। 'हां पतंग तो उड़ाते हैं, लेकिन इस दिन को बहुत शुभ माना जाता है। गरीब लोगों को दान भी करते हैं। आज के दिन दान करने से उसका पुण्य कई गुना बढ़ जाता है।' दादी ने बताया।

'दान क्या होता है दादी?' पीहू ने भोलेपन से पूछा।

'दान मतलब किसी गरीब को कुछ देना। कोई खाने की चीज या वस्त्र आदि।' दादी बोलीं।

'फिर तो भैया आप मुझे अपनी बड़ी वाली पतंग दान कर दो न प्लीज।' पीहू ने मचलते हुए कहा तो सब हंस पड़े।

कुछ देर बाद राजू अपने पापा और बहन के साथ घर के पास ही ग्राउंड में पतंग उड़ाने गया। आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ रही थीं। बच्चे, बड़े सब पतंगें उड़ा रहे थे। तभी वहां एक बच्चा दिखाई दिया। वह पेड़ के पीछे खड़ा होकर सबको पतंगें उड़ाता हुआ देख रहा था। ठंड काफी थी, लेकिन उस बच्चे ने सिर्फ एक हाफ शर्ट और नेकर पहन रखी थी। राजू के पापा की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम यहां क्यों छिपे हुए हो?' 'सबको पतंगें उड़ता देख रहा हूं।' वह बच्चा बोला।

'तुम्हारी पतंग कहां है?' राजू ने उससे पूछा।

'मेरे पास नहीं है।' बच्चा उदास स्वर में बोला।

'और इतनी ठंड में तुमने स्वेटर क्यों नहीं पहन रखा है? तुम्हें ठंड नहीं लग रही क्या?' पापा को अचरज हो रहा था।

'लग रही है। स्वेटर गंदा हो गया था तो मां ने धोकर सूखने के लिए डाल रखा है।' बच्चे ने सकुचाते हुए बताया।

'तो दूसरा पहन लेते।' पास खड़ी पीहू बोली।

'दूसरा नहीं है।' लड़का धीमी आवाज में बोला।

'अच्छा तुम्हारा नाम क्या है?' पापा ने पूछा।

'मोनू।' लड़के ने बताया।

'तुम रहते कहां हो?' पापा ने जानना चाहा।

'वो सामने बस्ती में।' बच्चे ने अंगुली के इशारे से बताया।

'क्या तुम मेरे बेटे का पुराना स्वेटर ले लोगे।' पापा ने पूछा।

'मां से पूछकर बताऊंगा।' इतना कहकर वह जाने लगा तो राजू ने उसे रोक लिया।

'यह लो मेरी पतंग और मांझा, ठीक से उड़ाना।' राजू ने अपनी पतंग-मांझा उसके हाथों में पकड़ा दिया।

पतंग पाकर बच्चा खुश हो गया और दौड़ते हुए घर की ओर चला गया। राजू पापा के साथ घर लौट आया। पापा ने घर में बच्चे की बात सभी को बताई। यह भी बताया कि राजू ने उसे अपनी पतंग दे दी।

'लेकिन शाम को तो सर्दी और बढ़ जाएगी। हमें उसे गर्म कपड़े भी देने चाहिए।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'यदि उसने पुराने कपड़े न लिए तो?' पापा बोले।

'हम उसके लिए नए कपड़े देंगे।' राजू ने कहा।

'लेकिन इतनी जल्दी नए कपड़े आएंगे कहां से?' मम्मी बोलीं।

'आपने जो मेरे लिए नया स्वेटर खरीदा है, वही उसे दे दीजिए।' राजू तुरंत बोला।

'लेकिन वो तो तुम्हारे लिए है और महंगा भी बहुत है।' दादी बोलीं।

'दादी, सुबह आपने कहा था न कि आज गरीब को दान करना चाहिए। वह गरीब बच्चा है। उसे स्वेटर देंगे आज।' राजू ने दादी को सुबह वाली बात याद दिलाई। 'जरूर बेटा, तुमने तो संक्रांति की परंपरा को ठीक से समझ लिया है। ले आओ, अपना नया वाला स्वेटर। चलो अभी चलते हैं मोनू के घर।' पापा बोले।

राजू भाग कर अपने कमरे से स्वेटर ले आया और खुशी-खुशी पापा के साथ मोनू के घर की ओर चल पड़ा। घर में दादी, मम्मी और पीहू भी यह देखकर बहुत प्रभावित और खुश थे कि दयालु राजू के कारण एक गरीब का भला होगा। *

**कविता**
**अखिलेश श्रीवास्तव चमन**



### एक पर्व के इतने नाम!

छोटे से मिस्टर अयान
सोच-सोच कर हैं हैरान
तिथि एक है, पर्व एक है
लेकिन इसके इतने नाम!
दक्षिण भारत में है पोंगल
उत्तर में कहलाता खिचड़ी
असम राज्य में बिहू कहते
पंजाबी कहते हैं लोहड़ी।
मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा
में होता है मकर संक्रांति
पर पश्चिम बंगाल के अंदर
कहलाता है पौष संक्रांति।
इस दिन सूरज दिशा बदल
उत्तरी गोलार्ध में आ जाता है
रातें छोटी होने लगतीं
दिन लंबाई पा जाता है।
भुनी मूंगफली, गुड़ की पट्टी
तिल की गजक, रेवड़ी खाकर
पूरा देश मनाया करता
है यह पर्व, पतंग उड़ाकर।

### रंग भरो-193

**रंग भरो-193** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रुजुला, रोहतक


आशना, जांजगीर


पयोनिधि, अंबिकापुर


आन्या, दुर्ग


लालिमा, गरियाबंद

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
देव्यांश-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सुमन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सौम्या-करनाल, रोहन-बिलासपुर, दिव्या-कोरबा, साकेत-बालोद


रेयांश, बिलासपुर

### रंग भरो 194



बच्चो, यहां पतंग उड़ा रहे एक बच्चे का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**

### युवा अग्रवाल सभा की कार्यकारिणी का विस्तार

**टोहाना।** युवा अग्रवाल सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की मीटिंग प्रधान गौरव बंसल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कार्यकारिणी विस्तार किया। इस दौरान संरक्षक कपिल बंसल, सह मंत्री अमरीक गोयल, सह कोषाध्यक्ष रोहित बंसल, संगठन मंत्री विकास सिंगला, प्रेस प्रवक्ता रोशन जिंदल, मंच संचालक अश्विनी बंसल व निर्वतमान अध्यक्ष त्रिलोक सिंगला, मुख्य सलाहकार गजेश गर्ग, सोहनलाल सिंगला, मेडिकल कोऑर्डिनेटर डॉ. शुभम जिंदल, डॉ. मयंक गोयल व कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट निशांत जैन, कपिल गर्ग, गौरव गोयल, धीरज गोयल, प्रवीण जैन, पंकज गर्ग, निखिल बंसल, अमित जैन, जीवन बंसल, सौरभ बंसल, राहुल सिंगला, शुभम सिंगला, सुशील सिंगला (बंटी), संयम जैन, दीपक गोयल, जयंत मित्तल, निखिल जैन, मोहित बंसल, साहिल कंसल सदस्य बनाए गए।

### लोन राशि न चुकाने पर बैंक ने कब्जे में ली प्रोपर्टी

**सिरसा।** जिला के गांव उमेदपुरा निवासी रविदत्त द्वारा एचडीएफसी बैंक से प्रोपर्टी पर लिए गए लोन की राशि अदा न करने पर बैंक अधिकारियों ने पुलिस बल के साए में रविदत्त की प्रोपर्टी को कब्जे में ले लिया है। लीगल एरिया मैनेजर प्रदीप वर्मा ने बताया कि गांव उमेदपुरा निवासी रविदत्त के परिवार ने बैंक से 87 लाख रुपए का लोन लिया था। जिसके एवज में मल्लेकां में तीन अलग-अलग साइज की दुकानें बैंक के पास गिरवी रखी थी। लोन की राशि व ब्याज को मिलाकर अब तक 93 लाख रुपए बैंक की राशि रवि दत्त की ओर बकाया है। लोन लेने के काफी समय बाद भी रवि दत्त ने राशि नहीं लौटाई। कई बार बैंक की ओर से नोटिस दिए गए, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद मामले के निपटारे के लिए कोर्ट का सहारा लिया।

### खरीफ सीजन की आढ़त का हो तुरंत भुगतानः गर्ग

**सिरसा।** खरीफ सीजन की परमल धान की सरकारी खरीद समाप्त हुए 50 दिन से भी ज्यादा बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक सरकारी एजेंसियों द्वारा आढ़तियों को उनकी आढ़त नहीं दी गई है, जिससे आढ़तियों में रोष है। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग ने भुगतान न होने पर असंतोष जताते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से हरियाणा सरकार आढ़त 2.5 प्रतिशत, जोकि इस बार 60 रूपये बनती है, पूरी न देकर आढ़तियों के हितों पर चोट कर रही है। गर्ग ने कहा कि आढ़ती एक ऐसा वर्ग है, जो सभी के हितों का ध्यान रखते हुए अपने साथ जुड़े सभी सहायक किसान, मजदूर, दलाल सहित स ी वर्गों का सही समय पर भुगतान करते हैं। इसलिए सरकार से मांग है कि आढ़तियों को अनावश्यक देरी न करते हुए शीघ्र से शीघ्र उनकी आढ़त जारी की जाए, ताकि वे अपने व्यापार को सुचारू रूप से चला पाएं।

## एसपी ने किया भूना में पैदल भ्रमण, बाजार की सुरक्षा परखी

# साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाएं : एसपी

- सर्दी के मौसम में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए गश्त बढ़ाने के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना



भूना। शहर का पैदल भ्रमण करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने वीरवार को भूना कस्बे में पैदल भ्रमण किया। एसपी का यह भ्रमण शहीद भगत सिंह चौक से शुरू होकर उकलाना रोड के मुख्य बाजार मार्ग तक रहा। इस दौरान उन्होंने बाजार क्षेत्र, भीड़भाड़ वाले स्थानों और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया तथा आमजन को पुलिस की सक्रिय मौजूदगी का संदेश दिया।

पैदल भ्रमण के दौरान एसपी सिद्धांत जैन ने दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने लोगों से सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं, सुझाव और अपेक्षाएं जानीं। दुकानदारों ने नियमित पुलिस गश्त, ट्रैफिक नियंत्रण और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी बढ़ाने की मांग रखी। एसपी जैन ने नागरिकों से मिले फीडबैक को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर डीएसपी नर सिंह, थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओम प्रकाश बिश्नोई, प्रवाचक सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुमार सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। पैदल भ्रमण से जहां पुलिस की सक्रियता नजर आई, वहीं व्यापारियों और स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास भी मजबूत हुआ।

पैदल भ्रमण के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना भूना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। मालखाना, शस्त्रागार, हाजत, रोजनामचा, रिकॉर्ड रूम और सीसीटीएनएस एंट्री सिस्टम की जांच की गई। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों की उपस्थिति और ड्यूटी रजिस्टर का भी बारीकी से अवलोकन किया गया। थाना परिसर की साफ-सफाई और सुव्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। एसपी जैन ने साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा सर्दी के मौसम में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए गश्त बढ़ाने के आदेश दिए।

#### ठीकरी पहरा लगाएं

उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों से ठीकरी पहरा लगाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। इसके अलावा नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश थाना प्रभारी व पुलिस जांच अधिकारियों को दिए। उन्होंने थाना प्रभारी सहित समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में पूरी सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई करें। एसपी ने कहा कि थाने में आने वाले हर शिकायतकर्ता से नम्रता और संवेदनशीलता से व्यवहार किया जाए, शिकायत का शीघ्र समाधान हो और शिकायत की रसीद भी दी जाए। इस मौके पर नगर पालिका वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी, डॉक्टर जितेंद्र सिंह, दलबीर सिंह, विजय कुमार बसेरा, सुरजीत सिंह भैरो सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## 10 को निकाली जाएगी नशे के खिलाफ जागरूकता यात्रा

**खास बातें**

- एसपी को लिखा पत्र, यात्रा में शामिल होकर सुरक्षा व अनुशासन सुनिश्चित करने का किया आग्रह



भवानी सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में फतेहाबाद जिले मे नशे के खिलाफ युद्धस्तर पर अभियान चला रही महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नशा तस्करी का गढ़ बन चुके फतेहाबाद के गुरूनानकपुरा मोहल्ला में 10 जनवरी को नशे के खिलाफ जागरूकता यात्रा निकाली जाएगी। ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में निकाली जाने वाली इस यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और यात्रा को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। 'मेरा परिवार-नशामुक्त परिवार' अभियान के तहत निकाली जाने वाली इस यात्रा के दौरान ट्रस्ट के सदस्य गुरूनानकपुरा मोहल्ले में घर-घर जाकर लोगों को नशे न करने, नशा न बेचने की अपील की जाएगी। इसको लेकर आज ट्रस्ट द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर इस यात्रा में शामिल होने की अपील की है। ट्रस्ट संस्थापक भवानी सिंह ने कहा कि उनके द्वारा सीएम नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में 21 नवंबर 2025 से नशे के विरूद्ध जागरूकता यात्रा 'एक यात्रा नशे के खिलाफ' शुरू की गई थी, जिसे एसपी सिद्धांत जैन द्वारा रवाना किया गया था। यह यात्रा जिले के अनेक गांवों में प्रत्येक घर तक पहुंचकर 'मेरा परिवार-नशामुक्त परिवार' अभियान को आगे बढ़ाकर युवाओं को जागरूक कर रही है। अब तक हिजरावां खुर्द, हिजरावां कलां, अयाल्की आदि गांवों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा चुका हैं।

#### घर -घर जाकर लोगों को किया जाएगा जागरूक

भवानी सिंह ने बताया कि इस अभियान के अगले चरण के अंतर्गत फतेहाबाद के गुरूनानकपुरा मोहल्ला को चुना गया है। 10 जनवरी शनिवार को यह यात्रा रतिया रोड स्थित एसबीआई बैंक के सामने से शुरू होगी और गुरूनानकपुरा मोहल्ले में घर-घर जाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करेगी। भवानी सिंह ने एसपी से अपनी टीम के साथ यात्रा में शामिल होने की अपील की ताकि युवाओं और नागरिकों को दी जाने वाली महत्वपूर्ण सूचनाओं का सत्यापन किया जा सके।

### गणतंत्र दिवसको लेकर स्कूल संचालकों के साथ बैठक

**सिरसा।** जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं ने वीरवार को अपने कार्यालय में जिले के स्कूल प्रिंसिपल- संचालकों के साथ बैठक करते हुए आगामी 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यक्रमों की प्रस्तुति बारे विचार विमर्श किया। बैठक में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मार्च पास्ट, परेड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पीटी शो सहित विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई ताकि समारोह भव्य, अनुशासित एवं सफल हो। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी स्कूल समय पर अभ्यास पूर्ण करें तथा विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि समारोह को भव्यता व उत्साह से मनाया जा सके। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है, इसलिए सभी गतिविधियां अनुशासनात्मक हो और सभी मानकों के अनुरूप आयोजित की जानी चाहिए। स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने विद्यालयों में रिहर्सल की नियमित समीक्षा करें और किसी भी प्रकार की समस्या से समय रहते विभाग को अवगत कराएं। बैठक में उपस्थित स्कूल मुखियाओं को आयोजन से संबंधित कार्य सौंपा गया और आपसी तालमेल के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।



सिरसा। स्कूल संचालकों के साथ बैठक करते जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं।

# पंजाबी साहित्य सभा का समागम, पुस्तकों का लोकार्पण

### सालाना समागम और सम्मान समारोह में पंजाबी लेखक मानखेड़ा, दियोण हुए सम्मानित

- पुस्तकों पर बलजीत बिट्टू मालकपुरा, बलराज सिंह बराड़ तथा भूपिंदर सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए
- कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कवि दरबार करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली



कालांवाली। पुस्तकों का विमोचन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

पंजाबी साहित्य सभा कालांवाली का सालाना समागम और सम्मान समारोह सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। पंजाबी साहित्य सभा कालांवाली के अध्यक्ष भूपिंद्र पन्नीवालिया ने बताया कि पंजाबी लेखक सरबजीत सिंह जर्मनी के कहानी संग्रह ईमान अजे जिंऊदै ए, असम निवासी पंजाबी लेखिका हरकीरत हीर के कविता संग्रह जिंदगी दा वेदए, नाटककार चरण सिंह सिंधरा की संपादित पुस्तकें सच की बेला तथा लेखिका पदम सिंधरा की संपादित पुस्तकें जे आश्क मिल जांदे लोक अर्पित कीं।

इन पुस्तकों पर बलजीत बिट्टू मालकपुरा, बलराज सिंह बराड़ तथा भूपिंदर सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। का. स्वर्ण सिंह विर्क ने कहा कि आज के दौर में लेखकों की भूमिका और भी बढ़ गई है, क्योंकि सत्ताधारी पार्टी जो फैसले ले रही है, वे आम लोगों के हित में नहीं, बल्कि पूंजीपति वर्ग के पक्ष में हैं। इसलिए सभी लेखकों को अपनी कलम के जरिए सत्ताधारी पार्टी और पूंजीपति शासन के बीच की सांझ को उजागर करना चाहिए। इस कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कवि दरबार करवाया गया।

#### अपनी रचनाएं पेश कर शायरी में रंग भरा

*इस सत्र की अध्यक्षता पंजाबी साहित्य अकादमी लुधियाना के उपाध्यक्ष डॉ. हरविंद्र सिंह सिरसा, पंजाबी गजलों जस बठिंडा, जसवंत कौर कालांवाली, गुरु काशी साहित्य अकादमी दमदमा साहिब के चेयरमैन बलवीर सिंह स्नेही, पंजाबी साहित्यकार गुरदास सिंह पालना और मा. बूटा सिंह ने की। इस मौके पर डॉ. गुरप्रीत सिंह सिंधरा, जस बठिंडा, सुखराज मंडी कलां, लखविंद्र सिंह बाजवा, कर्मजीत दियोण ऐलनाबाद, हरचरण सिंह गिल, पूर्ण सिंह निराला, कंवरजीत सिंह, केशव दत्त, बूटा सिंह सुरतिया, नवजोत कौर, सिकंदर सिंह सिद्धू, जग्गा जगमालवालिया, हरजीत सिंह सरां, कुलविंद्र सिंह संधू, बलविंद्र सिंह भुल्लर, रणबीर राणा, हरभगवान चावला, रमेश शास्त्री, प्रदीप सचदेवा, हरगोबिंद सिंह देसू, अमनदीप लक्कड़वाली, मा. मुख्तियार सिंह चड्ढा, हरजीत पुरेवाल, मा. मांगा सिंह आदि ने अपनी रचनाएं पेश कर शायरी में रंग भर दिया। इस मौके पर डॉ. हरविंदर सिंह सिरसा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के दौर में हमें आम लोगों के हितों की रक्षा करने वाली शायरी लिखनी चाहिए। जिस तरह पाश ने अपने समय में आम लोगों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई थी, उसी तरह आज भी तीखे स्वर की शायरी की जरूरत है। यह समय की मांग है। अतिथियों और लेखकों का स्वागत किया। इस अवसर पर जसपाल मानखेड़ा को युग कवि अवतार पाश यादगारी पुरस्कार तथा पंजाबी लेखिका कर्मजीत दियोण ऐलनाबाद को माता अंग्रेज कौर सरां यादगारी पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अलावा प्रख्यात पंजाबी पत्रकार प्रभु दयाल, पंजाबी नाटककार डॉ. गुरप्रीत सिंह सिंधारा तथा मार्क्सवादी विचारक कश्मीर दमदमा को विशेष स मान से सम्मानित किया गया।*

### मांघी महासमागम मेला 14 को

**सिरसा।** डेरा बाबा भूमण शाह जी गद्दी कच्चा पक्का मल्लेवाला में दो दिवसीय मांघी महासमागम आगामी 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। डेरा के सेवादार ने बताया कि आगामी 12 जनवरी को श्री गुरुग्रंथ साहिब के आखंड पाठ प्रकाश होंगे और आगामी 13 जनवरी सोमवार को प्रातः हवन यज्ञ से शुरुआत होगी इसी दिन वरदान चेरिटेबल ट्रस्ट ब्लड सैंटर सिरसा द्वारा प्रातः 10 बजे से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी दिन होम्योपैथी चिकित्सा कैंप का आयोजन भी होगा। इसी दिन बाबा हरिनाम दास द्वारा दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में वालीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त टीम को 5100 और द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को 3100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। आगामी 14 जनवरी को दूसरे दिन के वालीबॉल टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 31 हजार और द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रुपए तथा तीसरे और चौथे स्थान प्राप्त टीम को 5100 रुपए पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा।

### विधायक ने जताया शोक

**फतेहाबाद।** शहर के युवा समाजसेवी एवं सिटी वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष विनोद अरोड़ा एवं साहिल अरोड़ा के पिता आत्माराम अरोड़ा के निधन पर शहर की अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने शोक जताया है। फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, प्रमुख समाजसेवी शरद बत्रा, शहरी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक नारंग, वरिष्ठ भाजपा नेता राधाकृष्ण नारंग, शिक्षाविद् विजय निर्मोही, चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा, गुलशन मोंगा सहित अनेक शहरवासियों ने विनोद अरोड़ा के निवास माडल टाउन पर पहुंचकर शोक जताया और दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि आत्माराम जी अरोड़ा एक शेरदिल इंसान थे और दान-पुण्य के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते थे। इसके अलावा पत्रकार अशोक शर्मा के पिता स्वर्गीय बाबूलाल शर्मा के निधन पर उनके निवास स्थान पर फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

### मायावती के जन्मदिवस को लेकर बसपा की बैठक



**सिरसा।** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में हुई जिसमें आगामी 15 जनवरी को पार्टी सुप्रीमो मायावती के जन्मदिवस को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में भिवानी में मनाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से हरियाणा प्रदेश प्रभारी रामसिंह प्रजापति, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कृष्ण जमालपुर, भूषण लाल, धर्मपाल माखोसरानी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी लीलूराम मौजूद थे। पार्टी जिलाध्यक्ष रामधन ने प्रदेश नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि भिवानी के कमल भवन में आगामी 15 को आयोजित मायावती के जनकल्याणकारी दिवस कार्यक्रम में जिले से हजारों कार्यकर्ताओं के साथ वे स्वयं शिरकत करेंगे।

## सर्दी में एसडीएम ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

- सर्दी के मौसम को देखते हुए रैन बसेरों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा



सर्दी के मौसम के मध्यनजर एसडीएम आकाश शर्मा द्वारा क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों एवं रैन बसेरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए, ताकि शीतलहर के प्रभाव से उन्हें सुरक्षित रखा जा सके। एसडीएम आकाश शर्मा ने सार्वजनिक स्थलों पर तथा अपने कार्यालय में पहुंचे जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए, ताकि शीत ऋतु के दौरान उन्हें आवश्यक राहत उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के लिए प्रशासन द्वारा भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई है। इसके पश्चात एसडीएम ने क्षेत्र में संचालित रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गर्म बिस्तर, कंबल, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि रैन बसेरों में उपलब्ध सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी व्यवस्थाएँ निरंतर क्रियाशील रहें।

# जनगणना कार्य अहम, क्रियान्वयन में बरती जाए सटीकता : सीटीएम



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते नगराधीश अजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

- आगामी जनगणना 2027 को लेकर समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

आगामी जनगणना 2027 को लेकर एक वीरवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जनगणना की प्रारंभिक रूपरेखा और प्रशासनिक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डिविजन सेंसस ऑफिसर राधा रमन, जिला सांख्यिकी अधिकारी कर्मबीर सिंह, सभी तहसीलदार, चार्ज अधिकारी, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी, सचिव और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मौजूद रहे। नगराधीश अजय सिंह ने कहा कि अधिकारी जनगणना के सफल व सटीक संचालन के लिए पुख्ता तैयारियां करें।

#### अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें

*उन्होंने कहा कि इस कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि उनके अधिकार क्षेत्र (जूरिडिक्शन) में किसी भी प्रकार का भौगोलिक बदलाव हुआ है, तो उसकी सत्यापित सूची तत्काल उपलब्ध कराएं। इस डेटा को समय रहते मुख्यालय भेजा जाना अनिवार्य है ताकि जनगणना की प्रक्रिया में कोई त्रुटि न रहे। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें सटीकता बेहद जरूरी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने स्तर पर फील्ड स्टाफ के साथ समन्वय स्थापित करें और इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें।*

**निर्देश** सड़क पर बड़े कार्यों के लिए अनुमति और टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरा करें

# म्हारी सड़क एप पर आई शिकायतों का तत्परता से निवारण करें सुनिश्चितः अतिरिक्त उपायुक्त

- अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडीसी। फोटो : हरिभूमि

सड़क़ों की स्थिति सुधारने और आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किए गए 'म्हारी सड़क' एप के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में सड़क मरम्मत, शिकायत निस्तारण और गुणवत्ता को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आमजन की सड़क संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए म्हारी सड़क एप उपयोगी है। छोटे गड्ढों को समय रहते भरना सुनिश्चित किया जाए और इस संबंध में अधिकतम 10 दिनों के भीतर कार्यवाही पूरी की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरम्मत कार्य के बाद इंजीनियर द्वारा एप पर जो फोटो अपलोड की जाए, वह वास्तविक स्थान की ही होनी चाहिए, इसकी जांच संबंधित अधिकारी स्वयं करें। उन्होंने कहा कि पेचवर्क भरने के बाद छोटे रोड रोलर का प्रयोग किया जाए, ताकि मरम्मत कार्य मजबूत और टिकाऊ हो। साथ ही वन विभाग को निर्देश दिए गए कि वे सडक़ों के आसपास अधिक से अधिक पौधारोपण करें। इसके लिए वन विभाग संबंधित सडक़ एजेंसियों से समन्वय कर स्थान चिन्हित करे, जिससे जिले में हरियाली बढ़े और सडक़ों का कटाव रोका जा सके।

उन्होंने कहा कि यदि 'म्हारी सड़क' एप पर किसी अन्य विभाग से संबंधित शिकायत आती है, तो उसे तत्काल संबंधित विभाग को स्थानांतरित किया जाए।

#### पेचवर्क कार्यों को शीघ्र पूरा करें

शिकायत को तभी क्लोज किया जाए जब अधिकारी इंजीनियर की रिपोर्ट के साथ साथ स्वयं भी कार्य से संतुष्ट हो। इसके अलावा छोटे पेचवर्क कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा सड़क पर बड़े कार्यों के लिए अनुमति और टेंडर प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'म्हारी सडक़' एप के माध्यम से कोई भी नागरिक खराब सडक़ों की शिकायत सीधे सरकार तक पहुंचा सकता है। इस एप को पारदर्शिता और जवाबदेही को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यदि किसी क्षेत्र में सडक़ टूटी हुई है या गड्ढे हैं, तो नागरिक एप पर सडक़ की लाइव फोटो अपलोड कर सकते हैं और समस्या का विवरण दर्ज कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सीजेएम ने नशा मुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने सिविल अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां मौजूद नशा पीड़ितों से मुलाकात की और नशे से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने नशा पीड़ितों के लिए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। सीजेएम प्रवेश सिंगला ने मनोचिकित्सक डॉक्टर पंकज शर्मा से भी नशा पीड़ितों के उपचार के संबंध में जानकारी ली।

### श्री हनुमंत फाउंडेशन का नेत्र जांच शिविर 11 को

**सिरसा।** श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आगामी 11 जनवरी रविवार को आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद के आपरेशन और ब्लड शुगर जांच का 277वां निःशुल्क मासिक चिकित्सा कैंप श्री हनुमंत चैरिटेबल होस्पिटल में लगाया जाएगा। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण अरोड़ा व डॉ. महिप बंसल द्वारा की जाएगी तथा सफेद मोतिया बिंद के लिए चयनित जरूरतमंद परिवारों के मरीजों के आपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे।

### अनाधिकृत मकानों को नियमित करवाने का मौका

**चोपटा।** हरियाणा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को बड़ी राहत देने का फैसला लिया है जिन्होंने वर्ष 2004 से पहले ग्राम पंचायत की भूमि पर मकान बना लिए थे। सरकार की नीति के तहत, अब ऐसे अनाधिकृत मकानों को नियमानुसार नियमित किया जा सकेगा। इस फैसले से उन ग्रामीणों को कानूनी मालिकाना हक मिलेगा, जो दशकों से अपनी भूमि को लेकर अनिश्चितता में थे। इस योजना की शुरुआत के साथ ही कुछ दलाल सक्रिय हो गए हैं।

### ट्रक की टक्कर में बाइक सवार की मौत, पकड़ा

**फतेहाबाद।** टोहाना में हुए सडक़ हादसे में साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत होने के मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि 7 जनवरी को सुबह करीब 8 बजे रेलवे-चंडीगढ़ रोड, टोहाना पर रेलवे पुल के नीचे एक सडक़ दुर्घटना घटित हुई। इस दुर्घटना में राजकुमार पुत्र बीरू राम निवासी गुप्ता कॉलोनी, टोहाना, साइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे डंपर के चालक टक्कर मार दी थी।

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** लाखों रुपये की धोखाधड़ी और धमकी देने के मामले में कार्यवाही करते हुए आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान बन्सी लाल उर्फ रोयल पुत्र मांगे राम निवासी गांव बड़ोपल, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस औम प्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी बन्सी लाल ने बैंक में गिरवी रखे सोने के आभूषण छुड़वाने का झांसा देकर प्रार्थी से 18 लाख 75 हजार रुपये ऐंठ लिए और इसके बाद फरार हो गया। बाद में आरोपी ने धमकी भी दी।

### केंद्रीय सहकारी बैंक के अनुबंधित कर्मियों ने की नारेबाजी

# बैंक कर्मचारियों को भी मिले सेवा सुरक्षा कानून का लाभ : नरेन्द्र बूरा

■ वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ के आह्वान पर एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के मुख्यालय पर कर्मचारियों ने सरकार की दोहरी नीति पर रोष प्रकट करते हुए वीरवार को सांकेतिक धरना दिया। सिरसा रोड स्थित जिला फतेहाबाद केंद्रीय सहकारी बैंक के मुख्यालय पर बैंक में कार्यरत सभी अनुबंधित कर्मचारी इकट्ठा हुए और सरकार के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए नारेबाजी की। इसके बाद महाप्रबंधक के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र बूरा ने किया। धरने में विशेष तौर पर भारतीय मजदूर संघ से विपिन शर्मा ने भाग लिया।

धरने पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नरेन्द्र बूरा ने बताया कि सरकार ने सेवा सुरक्षा कानून को लेकर दोहरी नीति अपनाई है। अधिकारी सरकार के इस कानून का लाभ कर्मचारियों को नहीं देना चाहते। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 1 लाख 20 हजार कर्मचारियों का रोजगार सुरक्षित करने की बात कही थी, कर्मचारी चाहे पार्ट 1 का हो, पार्ट 2 के हो या हरियाणा कौशल रोजगार निगम का, सभी को इस कानून का लाभ देने की घोषणा की गई।

कानून के नोटिफिकेशन तथा मुख्य सचिव के पत्र में भी यह साफ लिखा है कि हरियाणा सरकार के सभी विभागों, बोर्ड निगमों, पब्लिक अंडरटेकिंग संस्थाओं आदि में कार्यरत 15 अगस्त 2019 से पहले के सभी कर्मचारियों को इस कानून का लाभ दिया जाएगा। परन्तु बड़े खेद का विषय है कि अभी तक इस कानून का लाभ सहकारी बैंकों में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों को नहीं दिया गया है। सभी अधिकारी निष्क्रिय बने हुए हैं।


फतेहाबाद। केंद्रीय सहकारी बैंक के जिला मुख्यालय पर धरना देते महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

#### सुशासन पोर्टल में शामिल नहीं किया

जिलाध्यक्ष ने कहा कि कानून की प्रस्तावना में होते हुए भी सेवा सुरक्षा का जो पोर्टल सुशासन दिवस पर जारी हुआ है, उसमें बैंकों को शामिल नहीं किया गया है, जो कि गलत है, जिसका वह विरोध करते हैं। उन्होंने मांग की कि सभी सहकारी बैंकों में सेवा सुरक्षा कानून का लाभ दिलाया जाए और पोर्टल के माध्यम से सभी का डाटा सेवा सुरक्षा पोर्टल पर अपलोड किया जाए। जो कर्मचारी सेवा सुरक्षा कानून के दायरे से बाहर हैं, सरकार उनको भी 5 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सुरक्षा कानून का लाभ दे और तब तक सम्मानजनक वेतन उन्हें दिया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो कर्मचारी बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे जिसकी सारी जिम्मेवारी हरियाणा सरकार की होगी। इस अवसर पर सुरेश झाझड़ा, जितेंद्र जोड़ा, अमृत पाल कौर, कुलदीप नैन, इन्द्रप्रीत कौर, संदीप नंगथला, बनारसी देवी, बेअंत शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### डीएवी पुलिस स्कूल में एनएसएस शिविर का समापन

# लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास व राष्ट्र के विकास में योगदान का संकल्प लिया

■ मोटिवेशनल स्पीकर तान्या मेहता ने युवाओं को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन आज उत्साह, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास की नई प्रेरणा के साथ हुआ। पूरे सप्ताह चले गतिविधियों, जागरूकता अभियानों और सेवा कार्यों ने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व को निखारने के साथ-साथ समाज की ओर उनकी जिम्मेदारियों को और अधिक दृढ़ किया। समापन दिवस में मुख्य वक्ता एमएम कॉलेज की फिजिक्स विभागाध्यक्ष एवं मोटिवेशनल स्पीकर तान्या मेहता ने भाग लिया। उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण और सकारात्मक जीवन कला विषय पर प्रभावशाली सत्र लिया। अपने प्रेरक वक्तव्य में उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व केवल बाहरी रूप नहीं, बल्कि हमारी सोच, भाषा, व्यवहार, दृष्टिकोण और अनुशासन का सम्मिलित स्वरूप है। उन्होंने स्वयंसेवकों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास, माइंडफुलनेस, स्वभाव में विनम्रता व सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. मेहता ने वैज्ञानिक उदाहरणों, जीवन से जुड़े प्रसंगों और इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में नई चेतना जगाई। विद्यार्थियों ने इस सत्र को अत्यंत प्रेरणादायक व जीवन उपयोगी बताया।



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में एनएसएस स्वयंसेवकों को जागरूक करती मोटिवेशनल स्पीकर तान्या मेहता। फोटो : हरिभूमि

# आरटीआई कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला सरपंच के भाई सहित चार पर केस दर्ज

**टोहाना।** शहर में आरटीआई कार्यकर्ता प्रविंद्र की गाड़ी पर गांव पूर्ण माजरा के कुछ युवकों द्वारा हमला और तोडफ़ोड़ करने का समाचार है। इस मामले में पुलिस ने प्रविन्द्र की शिकायत पर टोहाना पुलिस ने गुरूवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने पूर्ण माजरा की महिला सरपंच कांता देवी के भाई लाला सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

#### गाड़ी से पीछा करने का आरोप

पुलिस को दी शिकायत में गांव पूर्ण माजरा निवासी प्रविन्द्र सिंह पुत्र गुरसेव सिंह ने कहा है कि वह रेलवे रोड पर एसबीआई बैंक के पास मोबाइल की दुकान चलाता है। गत दिवस रात को वह दुकान को बंद करके अपनी स्कार्पियो गाड़ी में सवार होकर अपने गांव पूर्ण माजरा जा रहा था। रेलवे स्टेशन पार करने के बाद सिम्बल रोड पर एक डस्टर कार ने उसका रास्ता रोक लिया। कार में चार युवक सवार थे। युवक हाथों में बिन्डे लेकर उतरे तो उसने अपनी कार वहां से भगा ली। इसके बाद वह रेलवे रोड से होते हुए शहर में घूम गया। गल्र्ज स्कूल वाली गली के पास उक्त युवक नें अपनी गाड़ी उसकी गाड़ी में दे मारी जिससे उसकी गाड़ी के शीशे टूट गए। इसके बाद उसने अपनी गाड़ी भगाक सैनी मोहल्ला में लगा ली। प्रविन्द्र ने बताया कि गांव की सरपंच के परिवार के साथ उनका पहले भी थाना व कोर्ट केस चल रहे हैं।

### राधा रानी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु


फतेहाबाद। गुरुकृपा मंडल द्वारा आयोजित नव वर्ष के उपलक्ष्य पर राधा नाम संकीर्तन हुडा सैक्टर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और श्री श्याम भजनों का आनंद लिया इस अवसर पर वंश मुटरेजा ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद भारत टुटेजा ने गुरुवंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गुरुदेव सहारा तेरा है, राधे राधे बोल श्याम आएंगे। हरि प्रीत लगाकर चले गये, जय राधे-जय राधे आदि भजनों की प्रस्तुति ने सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में भक्तजनों ने राधा नाम संकीर्तन का आनंद लिया और इसके बाद भगवान कृष्ण की पूजा आरती कर भगवान कृष्ण का आशीर्वाद लिया और उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। अंत में श्याम भक्तों ने भारत टुटेजा का आभार व्यक्त किया और पूरे मंडल का स्वागत किया गया।

### कोहरे और धुंध में सावधानी से वाहन चलाने का किया आह्वान

# रतिया में ट्रैफिक पुलिस ने भारी वाहनों पर लगाए सेफ्टी रिफ्लेक्टर

■ ट्रैफिक थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयसिंह टीम के साथ जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, धुंध एवं कम दृश्यता वाले मौसम को ध्यान में रखते हुए एक विशेष सेफ्टी अभियान चलाया गया। यह अभियान विशेष रूप से फतेहाबाद रोड पर संचालित किया गया, जहां भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा रतिया रोड पर चलने वाले ट्रक, बस तथा अन्य भारी वाहनों पर सेफ्टी रिफ्लेक्टर लगाए गए। इन रिफ्लेक्टरों के माध्यम से वाहन अंधेरे, कोहरे और धुंध के समय दूर से ही स्पष्ट दिखाई देते हैं, जिससे पीछे व सामने से आने वाले वाहन चालक समय रहते सतर्क होकर संभावित दुर्घटनाओं से बच सकें।



रतिया। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाते ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी।

#### धुंध में धीमी गति से वाहन चलाएं

ट्रैफिक थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयसिंह ने बताया कि रिफ्लेक्टर लगाने की प्रक्रिया निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप की गई है, ताकि वाहनों की अधिकतम दृश्यता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने वाहन चालकों को समझाया कि रिफ्लेक्टर केवल नियमों की पूर्ति नहीं, बल्कि उनकी स्वयं की सुरक्षा और सडक़ पर अन्य यात्रियों की जान बचाने का एक महत्वपूर्ण साधन हैं। इस अवसर पर वाहन चालकों को धुंध के समय कम गति से वाहन चलाने, हेडलाइट व इंडिकेटर का सही उपयोग, फॉग लाइट्स का प्रयोग, तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखने के प्रति भी जागरूक किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया कि थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर सडक़ हादसे का कारण बन सकती है।

### टोहाना व रतिया में होंगे कार्यक्रम

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

**रतिया/टोहाना।** उपमंडल स्तर पर मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा ने किसान रेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में समारोह को सफलतापूर्वक, भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा विभिन्न विभागों की ड्यूटियां निर्धारित की गई। इसके अलावा रतिया में भी उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाया जाएगा।

#### सम्मानित करेंगे

टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि लघु सचिवालय परिसर में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सुनिश्चित की जाए, जिसके लिए विभागीय स्तर पर बच्चों व प्रतिभागियों की बेहतर रिहर्सल करवाई जाए। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल 21 व 22 जनवरी, जबकि 24 जनवरी को फुल ड्रेस में फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी को भी सम्मानित किया जाएगा।

### स्वामी विवेकानंद जयंती से शुरू होगा कार्यक्रम

# सूर्य नमस्कार अभियान की तैयारियां शुरू, आयुष विभाग के कर्मचारी जुटे

■ महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक एक माह तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेशभर में योग को जिला, ब्लॉक, ग्राम और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हुए हर नागरिक को स्वस्थ जीवनशैली से जोडऩा के लिए 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से 12 फरवरी, महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक एक माह का सूर्य नमस्कार अभियान आयोजित किया जाएगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि जिले में इस कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु विभाग द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस क्रम में योग कोऑर्डिनेटर, योग स्पेशलिस्ट तथा सभी योग सहायकों के साथ बैठक का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें अभियान की रूपरेखा, लक्ष्य निर्धारण तथा जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, प्रत्येक अधिकारी व योग सहायक को अलग-अलग गांव एवं विभागों में कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए ड्यूटी भी आवंटित कर दी गई है। डॉ. शर्मा ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से विभाग का उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना, लोगों को सूर्य नमस्कार के वैज्ञानिक, शारीरिक व मानसिक लाभों से अवगत कराना है।


फतेहाबाद। सूर्य नमस्कार अभियान की बैठक में उपस्थित विभाग के कर्मचारी।

### शोध व शिक्षा को बढ़ावा देने की पहल

# सीडीएलयू के वरिष्ठ शिक्षकों को सौंपा अतिरिक्त कार्यभार

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को ओर अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार द्वारा कुछ वरिष्ठ शिक्षकों को अतिरिक्त दायित्व सौंपे गए हैं। इस क्रम में प्रो. विक्रम सिंह को डीन रिसर्च को अतिरिक्त कार्यभार प्रदान किया गया है। इसी प्रकार प्रो. एम.के. किदवई को डीन, यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ ग्रेजुएट स्टडीज (यूएसजीएस) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। प्रो. पंकज शर्मा को निदेशक,(सीडीटी) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है।

#### ये होगा फायदा

उल्लेखनीय है कि प्रो. पंकज शर्मा वर्तमान में मानविकी संकाय के डीन, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं विभाग के अध्यक्ष तथा प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। प्रो. पंकज शर्मा को कुलपति के तकनीकी सलाहकार का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा हुआ है। प्रो. पंकज शर्मा को अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य के शिक्षण और शोध का 28 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वे वर्ष 1996 से स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यापन कर रहे हैं तथा वर्ष 2013 से प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वे विवेकानंद पुस्तकालय के प्रभारी, डायरेक्टर कम्युनिटी रिलेशन्स के पद पर है।

### जिला सचिवालय में लगा शिविर

# कार्यवाहक डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं शिकायतें

■ महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ देने के निर्देश



**फतेहाबाद।** कार्यवाहक डीसी अनुराग ढालिया ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सहित अन्य कार्य दिवसों में कार्यालय आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुनना और समयबद्ध समाधान करना प्रशासन का दायित्व है। जिला स्तर पर कार्यरत सभी सरकारी कार्यालयों को निर्देश दिए गए है कि नागरिकों की समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से करें। नागरिकों को सही मार्गदर्शन दें। समाधान शिविर में सतीश कुमार ने पीपीपी आईडी में गांव का नाम सही करवाने, भूथन कलां निवासी नौरंगी ने लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ दिलवाने, सहनाल निवासी सतनाम सिंह, दैयड़ निवासी कर्मजीत, अंकित व मनजीत कौर ने पीपीपी आईडी में आय कम करवाने की मांग की।

### कार्यक्रम | एक साथ चुनाव के समर्थन में शहर में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

# सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जरूरी : प्रमोद बैनीवाल

अभियान के राष्ट्रीय प्रमुख परीक्षित डागर के नेतृत्व में युवाओं ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में देश के विभिन्न हिस्सों में हस्ताक्षर अभियान चलाए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य इस प्रस्ताव के पक्ष में जनमत जुटाना और नागरिकों को इसके लाभों के प्रति जागरूक करना है। इसी कड़ी में आज फतेहाबाद के आईसीएस कोचिंग सैंटर में भी अभियान के राष्ट्रीय प्रमुख परीक्षित डागर व प्रदेश संयोजक करण प्रताप के निर्देशानुसार यह अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर जिला सहसंयोजक प्रमोद बैनीवाल, युवा जिलाध्यक्ष बिट्टू गुज्जर व आईसीएस के संचालक रवि भाकर ने शिरकत की और विद्यार्थियों को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से होने वाले फायदों के बारे में बताया। इस अवसर पर काफी संख्या में युवाओं ने हस्ताक्षर कर भारत सरकार की इस मुहिम का समर्थन किया।


फतेहाबाद। हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेते युवा। फोटो : हरिभूमि

#### सरकारी पैसे की बचत होगी

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला सहसंयोजक प्रमोद बैनीवाल ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से देशभर में समय-समय होने वाले चुनावों में होने वाले भारी खर्च में भारी कटौती होगी। सुरक्षा बलों और सरकारी कर्मचारियों को बार-बार चुनाव ड्यूटी पर नहीं लगना पड़ेगा, जिससे वे अपने मूल काम पर ध्यान दे सकेंगे। बार-बार होने वाले चुनावों के बजाय सरकार को 5 साल तक बिना किसी रुकावट के काम करने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में चुनाव खर्च 60 हजार करोड़ था जो वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में अनुमानित रूप से 1.35 लाख करोड़ तक पहुंचा गया। यह भारत के चुनावी इतिहास का सबसे महंगा चुनाव माना गया। एक वोट की औसतन लागत 1400 रुपये थी।

#### जागरूक किया

उन्होंने बताया कि देश में बार-बार चुनावों पर 4-7 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं। एक राष्ट्र-एक चुनाव से होने वाली बचत पूरे देश की जीडीपी का 15 प्रतिशत के बराबर है। उन्होंने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' सिर्फ चुनावी सुधार नहीं बल्कि मॉडल देश के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक ढांचे में सुधार की एक सशक्त पहल है।